तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	कृपाराम **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार, जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353966793516373	

22/12/25

अपीलार्थी कृपाराम निवासी जालवाला बेरा, मण्डोर, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, जोधपुर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 09.09.2025 दिनांक 20.05.2002 को तीजा देवी द्वारा तहसीलदार जोधपुर को दिये प्रार्थना पत्र बाबत नामान्तरकरण भरने ग्राम मण्डोर द्वितीय जोधपुर के खसरों के लिये प्रस्तुत किये गये प्रार्थना पत्र पर की गई कार्यवाही की प्रमाणित प्रतिलिपि से सम्बन्धित सूचना व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।

अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी उपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, जोधपुर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई।

अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।

(गौरव अग्रवाल)
जिला कलक्टर, जोधपुर

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.12.22 10:23:31 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 19509849